796. 'पीछोला झील' स्थित है।
(a) जोधपुर (b) पाली
(c) उदयपुर (d) सिरोही
Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

797. मेवाड़ के किस महाराणा ने पिछौला झील में जगनिवास नामक महल बनवाए थे?
(a) महाराणा अमरसिंह प्रथम (b) महाराणा कर्णसिंह द्वितीय
(c) महाराणा जगतसिंह द्वितीय (d) महाराणा राजसिंह प्रथम
RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (c) : मेवाड़ के महाराणा जगत सिंह द्वितीय ने पिछौला झील में 'जगनिवास' नामक महल का निर्माण उदयपुर में कराया था। वर्तमान में यह अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के आधुनिक सुविधाओं से युक्त होटल में परिवर्तित कर दिया गया है।
● जग निवास में खास महल, बड़ा महल, दिलाराम, सज्जन निवास और चंद्रप्रकाश विशेष रूप से दर्शनीय है।

798. नक्की झील कहाँ स्थित है?
(a) उदयपुर (b) माऊंट आबू
(c) जोधपुर (d) अजमेर
कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020
Junior Engineer Non TSP 2015
Lab Assistant (Home Science)-30.06.2022

Ans. (b) नक्की झील सिरोही जिले में अरावली श्रेणी के माउंट आबू पर स्थित है। यह एक मानव निर्मित झील है। यह मीठे पानी की झील है, जो राजस्थान की सबसे ऊँची झील मानी जाती है। नक्की झील के पश्चिमी तट के ऊपर पर्वत पर मेंढक के आकार का विशाल शिलाखंड है, जिसे 'टॉड-रॉक' कहते हैं। इसी के पास में घूँघट निकाले स्त्री के आकार की चट्टान है जिसे 'नेनरॉक' कहा जाता है।

799. राजस्थान के किस जिले में नक्की झील स्थित है?
(a) अलवर (b) अजमेर
(c) सिरोही (d) उदयपुर
RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

800. राजस्थान की कौन सी झील टोडरोक के नाम से जानी जाती हैः
(a) नक्की झील (b) डीडवाना झील
(c) राजसमन्ड झील (d) अनासागर झील
Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

801. निम्नलिखित झीलों में से कौन सी झील मीठे पानी की नहीं है?
(a) नवलखा (b) नक्की
(c) छापरताल (d) लूणकरणसर
RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2022

Ans. (d) : 'लूणकरणसर' झील राजस्थान के बीकानेर जिले में स्थित एक खारे पानी की झील है। यह झील प्रवासी पक्षियों के लिए प्रसिद्ध है। नवलखा झील (बूंदी), छापरताल (चुरू) और नक्की (सिरोही) राजस्थान में स्थित मीठे पानी की झीलें है।

802. पुष्कर झील को स्वच्छ रखने की योजना में सहयोग दे रहा है—
(a) जापान (b) फ्रांस
(c) बेल्जियम (d) कनाडा
उत्तर - (d)
RPSC RAS/RTS 1999-2000

व्याख्या—राजस्थान में अजमेर से 11 कि.मी. दूर स्थित प्रसिद्ध पुष्कर झील को प्रदूषण मुक्त करने हेतु प्रारम्भ की गई सफाई योजना में कनाडा की सरकार वित्तीय मदद दे रही है। 15 अप्रैल, 1997 को नई दिल्ली में इस आशय का एक समझौता दोनों देशों के बीच हुआ। उल्लेखनीय है कि पुष्कर हिन्दुओं का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। यहाँ पर पवित्र पुष्कर झील के पास ब्रह्माजी का मन्दिर, सावित्री मंदिर तथा बैकुण्ठनाथ आदि मन्दिर स्थित हैं। 'पुष्कर' में कार्तिक पूर्णिमा को पर्व स्नान का विशाल मेला लगता है।

803. सलीम सागर एवं सूरज कुण्ड जल तडाग अवस्थित हैं-
(a) बाला किला, अलवर में
(b) शेरगढ़ किला, बारां में
(c) जयगढ़ दुर्ग, जयपुर में
(d) जूनागढ़ दुर्ग, बीकानेर में
VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (a) सलीम सागर एवं सूरजकुंड जल तड़ाग बाला किला, अलवर जिले में स्थित है। बाला किले की उल्लेखनीय इमारते हैं- जयमहल, निकुंभ महल व 15 मंदिर।

804. राजस्थान में प्लाया झीलों की रचना कहाँ हुई है-
(a) लूनी बेसिन में
(b) घग्घर बेसिन में
(c) मरुस्थल के बालुका स्तूप मुक्त क्षेत्र में
(d) आन्तरिक प्रवाह बेसिनों में
JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016

Ans. (c) राजस्थान में प्लाया झीलों की रचना मरुस्थल के बालुका स्तूप मुक्त क्षेत्र में हुई है। ध्यातव्य है कि हवा द्वारा सतह की मिट्टी को उड़ा ले जाने से वायु निर्मित झीलों का निर्माण होता है, जिन्हें 'प्लाया' झील कहते हैं। सांभर, डिडवाना, पंचपदरा आदि प्लाया झील के प्रमुख उदाहरण है।

805. किशोर सागर झील (तालाब) कहाँ स्थित है?
(a) कोटा (b) बूँदी
(c) किशनगढ़ (d) बिजोलिया
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम)-2019
कनिष्ठ अनुदेशक (मैकनिक रेफ्रिजरेशन) 2018
कनिष्क अभियन्ता (यांत्रिक) 13.12.2020, Code-80

Ans. (a) किशोर सागर झील कोटा जिले में स्थित है। कोटा को पर्यटन सिटी बनाया जा रहा है। इसलिए किशोर सागर झील में भी वोट विद रेस्टोरेंट्स, वाटर स्पोर्टस एक्टिविटी शुरू की गयी है। इस झील का निर्माण 1346 ई. में बूँदी के राजकुमार धेर देह ने कराया था।

806. जैत सागर तालाब कहाँ स्थित है?
(a) उदयपुर (b) बून्दी
(c) अजमेर (d) माऊन्ट आबू
कनिष्क अभियन्ता (यांत्रिक) 13.12.2020, Code-80
वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I